G.C.M.S
2021/803

प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021

फर्द अहकाम
(नियम– 26)

...जज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम नीमकाथाना
मुकदमा ...र्थना पत्र धारा 131 व 132 भू.रा.अधि.बाबत रास्ता नं. 1988 सन् 2021

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
12/1/21	माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा बजट घोषणा 2015–16 के परिपेक्ष्य में राजस्व (ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान जयपुर के परिपत्र क्रमांक प. 3 (2) राज–6 / 2003 / पार्ट / जयपुर दिनांक 10.8.2016 की पालना में तहसीलदार, नीमकाथाना द्वारा आवागमन हेतु सार्वजनिक उपयोग में आ रहे रास्तों का राजस्व अभिलेख में अंकन करने ग्राम गुवार पटवार मण्डल गणेश्वर स्थित भूमि खसरा नम्बरान 1356 में होता हुआ उक्त रास्ता चापलाटा– शाहपुरा सड़क से ढाणी कोलीकाला तक जाता है का प्रस्ताव तहसीलदार नीमकाथाना से मय राजस्व रिकार्ड एवं नक्शा ट्रैस प्राप्त हुआ है। रास्ता मौके पर बारहमासी चलना बताया गया है। ग्राम पंचायत का प्रस्ताव व अनापत्ति प्रमाण पत्र, रास्ते के फोटो ग्राफ सलग्न पेश कर प्रस्तावित प्रचलित रास्ता कई वर्षों से एवं बारहमासी रास्ता मानते हुए उक्त रास्ते को गै0मु0रास्ता दर्ज करवाने हेतु प्रस्तावित किया है। पत्रावली दर्ज रजिस्टर की गई। पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध रिकार्ड दस्तावेजात का अवलोकन करने के पश्चात राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 व 132 तथा राजस्थान भू–राजस्व–अभिलेख नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, व 66 के प्रावधानों के अनुसार तहसीलदार, नीमकाथाना के द्वारा प्रस्तावित संलग्न प्रस्ताव अनुसार राजस्व अभिलेख व नक्शा ट्रैस में दर्ज भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को गैर मुमकिन रास्ते के रूप में दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाता है कि संलग्न प्रस्ताव व नक्शा ट्रैस के अनुसार राजस्व अभिलेख मे जरिए नामान्तकरण रास्ता पृथक खसरा नम्बर अंकित करते हुये रास्ते के रकबा की किस्म गैर मुमकिन रास्ता दर्ज किया जावें एंव नक्शें में तरमीम की जावें गैर मुमकिन रास्ते की भूमि संबंधित खातेदार के खाते में ही रहेगी एवं तहसीलदार, नीमकाथाना द्वारा भेजा गया प्रस्ताव व नक्शा ट्रेस आदेश का भाग रहेगा तदानुसार राजस्व अभिलेख में अमल दरामद हेतु तहसीलदार, नीमकाथाना को तहरीर जारी की जावें। पत्रावली ... होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। (बृजेश कुमार) उपखण्ड अधिकारी, नीमकाथाना	

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajveer Singh Yadav
Date: 2024.11.28 13:52:34 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner